18

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–208 / 2025 943 / पटना, दिनांक– 1.9.25

दिनांक 16.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन Package No. MGSY/24-25/Patna/03 (Tender ID- 141467) की निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा दिनांक 29.05.2025 को की गयी।

उक्त निविदा में Bhushan Constech & Marketing Private Limited (Reg. No. 1220275), Add-Shashi B Singh Main Road Maner,Patila,Patna,Bihar Pincode: 801108 द्वारा Similar Work के अन्तर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र जाली / फर्जी रहने के कारण CMBD कि कंडिका.– 4.4 A (C) & 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्याः–117 अनु0 दिनांक 01.08.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 8605 अनु0 दिनांक 07.08.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Bhushan Constech & Marketing Private Limited से स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग को दिनांक 18.08.2025 को समर्पित किया गया है। जिसे विभागीय समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए उक्त संवेदक को काली सूची में डालने का निर्णय लिया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार / संवेदक Bhushan Constech & Marketing Private Limited (Reg. No. 1220275), Add-Shashi B Singh Main Road Maner,Patila,Patna,Bihar Pincode: 801108 के निबंधन को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है।

29/8/25

(मो0 सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–208 / 2025 9436 / पटना, दिनांक– 1.9.25

निबंधित

प्रतिलिपि– Bhushan Constech & Marketing Private Limited (Reg. No. 1220275), Add-Shashi B Singh Main Road Maner,Patila,Patna,Bihar Pincode: 801108 को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–208 / 2025 9436 / पटना, दिनांक– 1.9.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–208 / 2025 9436 / पटना, दिनांक– 1.9.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–208 / 2025 9438 / पटना, दिनांक– 1.9.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख